हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026



### सांई एप के जरिये चल रहा था ऑनलाइन सट्टे का कारोबार

## आईपीएल मैच में लगवा रहे थे दांव, तीन मामले में 8 पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इन दिनों चल रहे आईपीएल क्रिकेट में सट्टा खेलने-खिलाने की सूचना पर पुलिस टीम ने कृषि फार्म में दबिश दी, जहां हाईटेक व्यवस्था के साथ ऑनलाइन सट्टा का अवैध कारोबार चल रहा था। वहीं अन्य स्थानों पर भी पुलिस ने सट्टा खिलाने के मामले में आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर की निगरानी में सायबर सेल, थाना घुमका, थाना बसंतपुर एवं थाना लालबाग की विभिन्न टीमों द्वारा आईपीएल क्रिकेट सट्टे पर बड़ी कार्रवाई करते एक साथ विभिन्न टीम चिन्हांकित सटोरियों को पकड़ने के लिए पहुंची।

पुलिस के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरझिटी स्थित कृषि फार्म में हाईटेक व्यवस्था के साथ ऑनलाइन सट्टा का अवैध कारोबार चल रहा था।"सांई ऐप" के जरिये हर बॉल और ओवर पर दांव लगवाया जाता था। आरोपी मोबाइल, लैपटॉप एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे। कोड भाषा में सट्टा लेखन कर हिसाब-किताब रखा जा रहा था।

एएसपी कीर्तन राठौर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि उक्त स्थल से लैपटॉप मय चार्जर, 9 नग मोबाइल फोन, 1 नग सट्टा लेख कॉपी, 1 नग होंडा सिटी कार, 1 नग प्रोंस कार, नगदी रकम 900 रुपए, सट्टा-पट्टी में दर्ज राशि 7,68,000 रुपए बरामद किया है। कुल जब्ती मूल्य 20,23,950 रुपए है। पुलिस के मुताबिक कार्रवाई में संगठित अपराध का एंगल जोड़ा गया।आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6, 7, 8 भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) एवं धारा 111 (संगठित अपराध) आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत अपराध पंजीबद्ध आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**खास बातें**

- खैरझिटी स्थित फार्म हाउस में बैठकर व्यापार
- फोन, लैपटॉप सहित कार की गई मामले में जब्त



### दूसरे राज्य बने ठिकाना

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर से बड़ी संख्या में क्रिकेट सट्टा पर दांव लगवाने वाले सटोरिए दूसरे राज्यों में पनाह लिए हुए है। बताया गया कि इन लोगों पर भी नजर रखने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। बताया गया कि आने वाले दिनों में क्रिकेट को लेकर कार्रवाई जारी रहेगी। बैंक के लेनदेन पर भी पुलिस अपनी नजर इस मामले को लेकर बनाए हुए है।

### थानेवार सूची तैयार

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर जिले के सभी थानेवार क्रिकेट मैच पर सट्टा लगवाने वाले लोगों की सूची तैयार कर ली गई है। बताया गया कि सभी थानेदारों को निर्देश दिए गए है कि अपने थाना क्षेत्र के सूची में शामिल लोगों पर नजर बनाए रखें। वहीं थाने का जो भी आरक्षक इन लोगों से संपर्क में पाया गया और कार्रवाई नहीं हुई उनपर भी एक्शन लिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 30 लोगों के नाम सूची में दर्ज है। जिनपर पुलिस टीम नजर बनाए हुए है।

### घुमका थाना के आरोपी

पुलिस के अनुसार इन आरोपियों पर कार्रवाई की गई। जिसमें थाना घुमका के आरोपी नितिन उर्फ मुंकु नेपाली 45 वर्ष निवासी गौरीनगर, अमित सोनी 42 वर्ष निवासी वार्ड नं. 38 सोनारपारा, रियाज खान 35 वर्ष निवासी वार्ड नं. 31 कंचनबाग अटल आवास, चंद्रशेखर सिन्हा 32 वर्ष निवासी वार्ड नं. 16 खैरझिटी, जसमीत सिंह 45 वर्ष निवासी मानेवारा नागपुर शामिल हैं।

### बसंतपुर व लालबाग थाना में भी कार्रवाई




वहीं थाना बसंतपुर के आरोपी सागर सोनकर 38 वर्ष निवासी सोनकरपारा नंदई, राहुल सोनकर 39 वर्ष निवासी सोनकरपारा नंदई, थाना लालबाग के आरोपी तीजूराम साहू 51 वर्ष निवासी ग्राम कुतुलबोर्ड भाटागांव, तुषार साहू 19 वर्ष निवासी ग्राम सिंघोला के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार पुलिस विभिन्न सूत्रो में प्राप्त नामजद सूची तैयार की है, जिस पर पैनी नजर बनी हुई है। ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रखेगी।

## अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर पकड़े गए

### बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई, एक लाख रुपए का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा। जिनसे लगभग 9.114 किलो गांजा जब्त किया गया है। जब्त गांजा की कीमत लगभग एक लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों, विशेषकर मादक पदार्थों की तस्करी, शराब बिक्री एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।


बरामद गांजा को मौके पर विधिवत जब्त किया गया तथा आरोपियों के विरुद्ध थाना बसंतपुर में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसके पश्चात तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### बस का कर रहे थे इंतजार

बताया गया कि इसी अभियान के तहत थाना बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम को 3 अप्रैल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति मुंदड़ा कुंज जीई रोड के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री के उद्देश्य से बस का इंतजार करते खड़े हैं।

### बैग में रखे थे गांजा

सूचना को गंभीरता से लेते पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम शिवकुमार राय, सालिकराम एवं एक महिला का नाम बताया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपियों के पास रखे काले एवं भूरे रंग के बैगों से कुल 9.114 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख है।









## खबर संक्षेप



### सक्रिय योगदान के लिए आदर्श सिंह सम्मानित

**डोंगरगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादह पं क्र. 1282 द्वारा आयोजित 62 वें महाधिवेशन में आदर्श सिंह ठाकुर का सम्मान किया गया। उन्हे समाज में सक्रिय योगदान एवं मीडिया क्षेत्र के अच्छे कार्य के लिए महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस के साथ अन्य पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। समाजिकजनों आदि ने उन्हे बधाई दी है।

### शौचालय में तालाबंदी से परेशानी



**डोंगरगांव।** नगर के मध्य में स्थित हाट बाजार में जन सुविधा के लिए बने सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालय में करीब एक पखवाड़े से ताला लटका हुआ है जिससे आसपास के व्यापारियों और जन सामान्य को परेशान होना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार हाल के दिनों में हाट बाजार के शौचालय का जीर्णोद्धार किया गया है। इस कार्य के बाद से वहां ताला लगा दिया गया है। बताया है कि ताला की चाबी कुछ व्यापारियों को दिया गया जो इसका उपयोग करते है। वहीं अन्य व्यापारी और जन सामान्य जानकारी के अभाव में ताला लटका देखकर परेशान होते है साथ ही वापस लौट जाते हैं।

### सहेज कर रखे संस्कार और संस्कृतिः अमरनाथ



**उपरवाह।** ग्राम चारभांठा में श्रद्धा व भक्ति के साथ भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। ग्रामवासियों ने सुबह कलश यात्रा निकालकर गाँव का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां सामूहिक आरती की गई। मुख्य अतिथि जिला साहू संघ राजनांदगांव के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू थे। ला साहू संघ के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू व नीरा साहू प्रमुख अतिथि थे। अध्यक्षता दिलीप साहू ने की। विशेष अतिथि जिपं सदस्य किरण बारले, हेमंत साहू, जिवराखन साहू, दिगम्बर साहू, पोखन साहू, कोमल साहू, रामचंद साहू, सरपंच सुनीता साहू थी। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कुरूतियो को दूर करने, नशापान से बचने तथा समाज की संस्कृति व संस्कार को बचाए रखने का आव्हान किया। इस मौके पर शैलेन्द्र साहू, किरण बारले, दिलीप साहू, नीरा साहू, हेमंत साहू ने भी संबोधित किया। संचालन हिरेन्द्र साहू तथा आभार प्रदर्शन कोमल साहू ने किया।

### संविधान ज्ञान परीक्षा 12 को

**डोंगरगढ़।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में नागसेन बुद्ध विहार में बच्चों और वरिष्ठों के लिए परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। आदर्श बौद्ध महासभा, नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से नई पीढ़ी को बाबा साहेब के संघर्ष और भारतीय संविधान की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। आयोजन समिति ने परीक्षा को दो श्रेणियों में विभाजित किया है। यह कक्षा 8वीं तक के छात्र- छात्राओं के लिए होगी, जिसमें अम्बेडकर के जीवन परिचय से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। कक्षा 9वीं से ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए परीक्षा होगी जिसमें संविधान से संबंधित सवाल पूछे जाएंगे उत्तर के लिए ओएमआर सीट दिया जाएगा। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

### चूल्हा और सिगड़ी का चलन लौटने लगा

# रसोई गैस की किल्लत, होटल ढाबों में लकड़ी का उपयोग बढ़ा

## अधिक कीमत में भी नहीं मिल रही रसोई गैस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रसोई और व्यवसायिक गैस की किल्लत के बाद होटलों और ढाबों में चूल्हा युग लौट आया है। लोग अब तक किल्लत और कालाबाजारी से बचने के लिए परंपरागत चूल्हा और सिगड़ी का उपयोग करने लगे है जिससे इन दिनों जलाऊ लकड़ी और कोयले की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर सहित क्षेत्र में एक बार फिर जलाऊ लकड़ी कारोबार गति पकड़ने लगा है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद रसोई गैस की किल्लत हो गई है। सरकार ने जहां व्यवसायिक सिलेंडर के विक्रय पर रोक लगा दिया है वहीं घरेलू सिलेंडर की बुकिंग के लिए टाइम लिमिट तय कर दिया है। टाईन लिमिट के बाद आम उपभोक्ताओं को गैस के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं कालाबाजारी की शिकायतें सामने आ रही है। जानकारी के जानकारी हजार रूपए में मिलने वाला सिलेंडर की ब्लैक मार्केट में कीमत 18 सौ तक पहुंच गई है।

#### लकड़ी की मांग बढ़ी

जानकारी के अनुसार शहर में वर्तमान में सौ से दो सौ किलो तक खपने वाली जलाऊ लकड़ी की मांग काफी बढ़ गई है और प्रतिदिन हजार से पंद्रह सौ किलो तक खप रही है। आनेवाले दिनों में लकड़ी की मांग और बढ़ने की संभावना है। जानकारी के अनुसार गरीब तबके लोग उज्जवला गैस योजना के तहत सिलेंडर नहीं मिलने के बाद अब चूल्हा का उपयोग करने लगे हैं।



#### जलाऊ लकड़ी भी महंगी

जानकारी के अनुसार 4 से 5 रूपए प्रति किलो में बिकने वाली जलाऊ लकड़ी की कीमत 6 रूपए पहुंच गई है। होटल- ढाबों के संचालकों ने बताया कि लकड़ी के उपयोग से फैलने वाले प्रदूषण को देखते हुए गैस से समान बनाना उचित है किन्तु किंतु 18 सौ रूपए देने के बाद भी उन्हे पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर नही मिल रहा है जबकि 6 रूपए प्रति किलो में जलाऊ लकड़ी आसानी से मिल रही है।

# बिजली कटौती से बढ़ी उपभोक्ताओं की परेशानी

- लो वोल्टेज की समस्या पूर्ववत जारी, गर्मी से लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

लोगों को पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और लो वोल्टेज से राहत दिलाने नया ट्रांसफार्मर लगाया है किन्तु इसके बाद भी अंचल के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लगातार बिजली कटौती होने से से लोग काफी परेशान हो गए है। उल्लेखनीय है कि बिजली आपूर्ति को लेकर जनप्रतिनिधियों ने गत दिनों एकजुट होकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था जिसके बाद नया ट्रांसफार्मर लगाया गया लेकिन वर्तमान स्थिति जस के तस बनी हुई है। नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद दिन में कई बार लाइट बंद हो रही है। वोल्टेज की समस्या पहले जैसे बनी है जिसके कारण पंखा, कूलर फ्रिज जैसे उपकरणों का उपयोग नहीं हो पा रहा है।उपभोक्ता तोमन साहू ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर लगाने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं आया है। लगातार शिकायत के बाद भी बिजली विभाग सुधार पर ध्यान नहीं दे रहा है जिसके चलते ग्रामवासियों में रोष देखा जा रहा है। विभाग के अधिकारी अविनाश जेठवानी ने बताया कि बिजली भरपूर मात्रा में आपूर्ति की जा रही है। किसी प्रकार से कटौती नहीं की जा रही है। वोल्टेज की समस्या भी नहीं है फिर भी शिकायत मिलती है तो जांच कर समाधान किया जाएगा।

## जिला कांग्रेस का सम्मेलन आज

**छुईखदान।** जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी गठन के बाद प्रथम सम्मेलन कल टिकरीपारा मंगल भवन में आयोजित किया गया है। शाम छह बजे से प्रथम बैठक रखा गया है जिसमें जिले भर से कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे। सम्मेलन में सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान के अलावा पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, संगठन सृजन अभियान प्रभारी कुलबीर छाबड़ा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# एकजुटता और शिक्षा से ही समाज का विकासः नीरेन्द्र

- श्रद्धा और उल्लास के साथ ग्रामीणों ने मनाया कर्मा जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

किरगी (ब) में कर्मा जयंती का आयोजन श्रद्धा, उल्लास एवं भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू थे। कार्यक्रम की शुरुआत रीति-रिवाजों एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों एवं युवाओं ने कर्मा नृत्य एवं लोकगीतों के माध्यम से अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रदर्शन किया।

उक्त मौके पर प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ साहू ने समाज को संगठित, सशक्त एवं प्रगतिशील बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता, शिक्षा एवं संस्कार में होती है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहते हुए आधुनिक शिक्षा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें, जिससे समाज का विकास हो सके। अन्य वक्ताओं ने भी कर्मा जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे प्रकृति, संस्कृति एवं सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ अध्यक्ष शिवराम साहू, गणेश साहू, डीकेश साहू, मनीष साहू, भुवन साहू, इंद्राणी साहू, दुलार निषाद, टीकम साहू, मामेश साहू, मोहित साहू, हितेश्वर साहू, ठाकुरराम साहू, कमल साहू सहित अन्य उपस्थित थे। अंत में आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का सम्मान किया।

# शिविर में 66 लोगों ने किया रक्तदान

**छुरिया।** घुपसाल में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निःशुल्क रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 66 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का परीक्षण कर मुफ्त में दवाइयां दी गई। कार्यक्रम में लाइफ लाइन ब्लड बैंक राजनांदगांव के यूनूस भाई का विशेष योगदान रहा। मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू थे। अतिथि के रूप में पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू उपस्थित थी। कार्यक्रम में जनपद सीईओ होरीलाल साहू एवं सरपंच नरेश शुक्ला भी शामिल हुए। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष मिलापदास साहू ने की। इस अवसर पर अमरनाथ साहू, नीलमणि साहू, भवभूति कलियारी, डुमेश्वर साहू, वीरेंद्र साहू, खिलेंद्र साहू, भालचंद्र साहू, देवेंद्र साहू, गिरधारी साहू, त्रिलोचन साहू, भुवन लाल साहू, फकीर साहू, केशव साहू, मेघनाथ साहू, डोमेश्वर साहू, कामता साहू, लोमस साहू, खिलावन साहू, कोमल साहू, टीकम साहू, मुकेश साहू, गोरेलाल साहू, पुष्पांजलि साहू, गुंजा साहू, अंजू साहू, संगीता साहू, ईश्वरी साहू, लक्ष्मी साहू सहित अन्य मौजूद थे। ग्रामीण अध्यक्ष केशव ने अंत में आभार व्यक्त किया।



# शहर में निकली शोभायात्रा, मंदिरों में हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

- श्रद्धा के साथ लोगों ने मनाया हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी श्री हनुमान भक्त युवा समिति के तत्वावधान में हनुमान जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकाला गया। पर्व को लेकर समिति ने व्यापक तैयारियां करते हुए शहर को भगवा रंग में रंग दिया था। जयंती के दिन महावीर मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा में हनुमान जी के 5 निशान और ठाकुर जी की झांकी शामिल थी। विवेक शर्मा, युवराज ठाकुर, ओम देशमुख, मुकुंद मोहन साहू और राहुल आंबेकर ने इसे लीड किया। श्री राम और हनुमान के जयकारों के साथ नगर भ्रमण करते हुए युवाओं ने गोल बाजार में कोल्ड फायर और आतिशबाजी से स्वागत किया। मुकुंद राज धुमाल पार्टी धमतरी की प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध किया। राम-जानकी और हनुमान के बाल स्वरूप बग्गी में विराजमान थे।



#### भजनों में थिरके भक्त

शहर में पहली बार भजन क्लबिंग विथ हनुमान चालीसा का अनोखा आयोजन हुआ। पंडित आशीष तिवारी ने पूजन और चालीसा से शुरुआत की। 108 हनुमान नाम जाप के साथ महिलाएं और युवा विश्व कल्याण और नगरवासियों के स्वास्थ्य की कामना करते हुए शामिल हुए। निखिल जैन, ट्विंकल पारख खेमका मयूर, मयंक बिंदल के भजनों ने भक्तिमय माहौल बनाया। बबली नामदेव और रितेश सक्सेना ने चालीसा और संकल्प वितरण किया। शोभायात्रा में ओरछा के राम जी की झांकी देखने मिला। दोपहर 12 बजे महाआरती के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर भक्त भंडारा समिति ने विशाल भंडारा का आयोजन किया।

## तीन दिवसीय लोक मड़ई का रंगारंग समापन

# कलाकारों ने लुभाया, अप्रत्याशित भीड़ ने चौकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

ग्राम में आयोजित तीन दिवसीय लोक मंडई को लोगों का जो प्रसाद मिला उसकी कल्पना आयोजकों ने भी की थी। उम्मीद से अधिक लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर देर रात तक छत्तीसगढ़ी लोक कला का आनंद उठाया वहीं लोक कलाकारों ने भरथरी, जस, पंडवानी, सुआ आदि की प्रस्तुति से झूमने मजबूर कर दिया।

उल्लेखनीय है कि मौजूदा विधायक दलेश्वर साहू द्वारा कोई ढ़ाई दशक से लोक मंडई का आयोजन किया जा रहा है। इस बार यह आयोजन 29 से 31 मार्च तक ग्राम में किया गया। ग्राम में पहली बार होने वाले सांस्कृतिक आयोजन की आयोजकों ने व्यापक तैयारियां की थी।

इस बार की थीम भगवान जगन्नाथ मंदिर को चुना गया। भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही।

#### अप्रत्याशित भीड़ उमड़ी

तीन दिनों तक ग्राम में कार्यक्रम देखने लोगों का आना जाना लगा रहा। सड़कों में उमड़ा रेला जैसे तैसे कार्यक्रम स्थल जल्दी से पहुंच कर कार्यक्रम देखते की जुगत में रहा। इस दौरान अप्रत्याशित हालात से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे, जिसके लिए विधायक श्री साहू ने पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा का सम्मान किया।



#### झूलों ने लुभाया

आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं ने अपने स्टॉल लगाए थे, जिसका लोगों ने अवलोकन किया। वहीं मीनाबाजार में छोटे बड़ों ने विभिन्न झूलों का आनंद लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विधायक दलेश्वर साहू, संयोजक गुलाब वर्मा, आयोजन समिति ने सभी का आभार जताया है।

#### जनप्रतिनिधियों का समागम

इस आयोजन में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, विधायक भोलाराम साहू, हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर मधुसूदन यादव, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, दिनेश गांधी, महेंद्र यादव, सरिता साहू, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, जिपं सदस्य जागृति यद्धु, भुनेश्वरी साहू, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती, विभा साहू,मंडल भाजपा अध्यक्ष जागेश्वर यादव आदि शामिल हुए।

#### आयोजन में बने सहभागी

लोक मंडई के आयोजन में विधायक दलेश्वर साहू, संयोजक गुलाब वर्मा, तिलक राजा, सुरेश जैन, डॉ विद्याविलास श्रीवास्तव, उदेराम पटेल, खेलूराम साहू, व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय जैन, भुनेश्वरी साहू, अमरोतन साहू, धरम जैन, लीलाधर साहू, आकाश जैन, राकेश शर्मा, पीतांबर साहू, टीकम पटेल, तुलसी साहू, भेखदास साहू, जयराम साहू, राजेश साहू, प्रभात साहू, सुदर्शन साहू, टाइगर क्लब, व्यापारी संगठन, भगत युवा संगठन सहित अन्य ने सहयोग दिया।

#### इनकी हुई प्रस्तुति

तीन दिवसीय लोक मंडई में अनुज शर्मा, तरुणा साहू, रिंकी देवांगन, दुष्यंत हरमुख, आरु साहू, सोहिल रंगारी, दुकालू यादव, शेख अमीन, छाया चंद्राकर, शैलेश साव,कन्हैया साहू, सुबोध पटेल, राजेश सिन्हा, कंचन जोशी, पं विवेक शर्मा, हेमलाल कौशल, नवीन देशमुख, चंपा निषाद, सुनील सोनी, उर्वशी साहू, उपासना वैष्णव, हिमानी वासनिक, सुनील सिहोरे, मिथिलेश्वरी सेन, दिनेश वर्मा, खिलेश यादव, संजय सुरीला, शशि लता, अनुराग शर्मा, अलका चंद्राकर, पप्पू चंद्राकर, घेवर यादव हास्य प्रहसन, दिलीप लहरिया ने लोक गीत, जस, भरथरी, पंडवानी सहित अन्य की प्रस्तुति दिया।

# शिव कथा से मिलती है जीवन को नई दिशा



**डोंगरगांव।** मोहड़ में तीन दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक कामता प्रसाद शरण थे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण करने पहुंचे। कथावाचवक कामता प्रसाद ने शिव महिमा, जीवन मूल्यों, धर्म और मानव कल्याण से जुड़े प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शक है।

इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे ने कहा कि शिव महापुराण कथा जैसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने के साथ लोगों को धर्म और संस्कारों से जोड़ते हैं। जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए ताकि सकारात्मक ऊर्जा का संचार होते रहे।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती, अंजू त्रिपाठी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, चुन्नी यदु, कपिल पडोती, विवेक मंडावी, रोशन देवांगन, बाल मुकुंद देवांगन, ललित देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन जीवनलाल साहू एवं अंत में चुन्नी यदु ने आभार व्यक्त किया।

# बैठक में बूथ कमेटी के गठन पर चर्चा



**डोंगरगढ़।** संगठन सृजन अभियान अंतर्गत लाल बहादुर नगर मंडल की बैठक मेढ़ा के गोंड सामुदायिक भवन में आहूत की गई। बैठक में मंडल प्रभारी विजयराज सिंह चौहान, मदन मंडावी, उत्तम सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश उईके, हृदय मंडावी, अश्विनी खरे, रवि शंकर मारकंडे शामिल हुए। बैठक में 16 ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि तथा 31 बूथ के अध्यक्ष ,कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ जनों ने हिस्सा लिया। बैठक में मंडल प्रभारी विजयराज सिंह ने बताया कि प्रत्येक बूथ में पदाधिकारी के साथ कुल 12 सदस्य होंगे। प्रत्येक बूथ में एक बीएलए होगा। पंचायत स्तर पर कमेटी का गठन किया जाएगा जिसमें अध्यक्ष के साथ कुल 12 सदस्य होंगे। बैठक में बसंत जोशी, योगेश जोशी, कमलेश, राजेंद्र साहू, गौरव सेन, यशवंत वर्मा, अशोक, नरोत्तम कंवर, शिशुपाल चंद्रवंशी, गिरधारी श्रीवास, ताराचंद सिन्हा, विजय कंवर, विनोद रात्रे, योगेश्वर कुमार, संतोष नेताम, दुष्यंत वर्मा, हेमनाथ वर्मा सहित अन्य शामिल हुए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर जयंती की तैयारी जोरों पर

**खुज्जी।** आगामी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती निकटवर्तीग्राम दर्री में भीम आर्मी द्वारा धूमधाम से मनाई जाएगी।भीम आर्मी के संदीप घोड़ेश्वर ने बताया कि जयंती के मौके पर झांकी के साथ रैली निकाली जाएगी जो खुज्जी सहित आसपास ग्रामों का भ्रमण करते हुए आंबेडकर भवन आएगी। यहां झांकी के स्वागत बाद भाषण और भोजन भंडारे का आयोजन होगा।

### हाईवा की चपेट में आई महिला की मौत

**राजनांदगांव।** क्रेशर खदान क्षेत्र में काम कर रही एक महिला हाईवा वाहन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत बनहरदी स्थित एक क्रेशर खदान में हाईवा वाहन की चपेट में एक महिला आ गई, जिसे गंभीर अवस्था में उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### व्यापार प्रकोष्ठ की टीम ने रमन से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश की टीम ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से उनके निवास पर आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान टीम ने प्रदेश के व्यापारिक परिदृश्य, नवाचार और व्यापारियों के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुभाष अग्रवाल, प्रदेश स्थाई आमंत्रित सदस्य आलोक बिंदल, जितेंद्र गोलछा, नवीन, संभाग प्रभारी आकाश चोपड़ा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तम गिड़िया, सागर गोलछा, जितेश पटेल, राजेश अग्रवाल, योगेश सारथी, चंकी अग्रवाल, सुमीत शर्मा, आकाश बालानि और राजकुमार बाफना उपस्थित थे।



### आज फरहद में तहसील स्तरीय कर्मा जयंती समारोह

**सोमनी।** तहसील स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव का आयोजन तहसील साहू संघ राजनांदगांव, परिक्षेत्रीय साहू संघ ईरा एवं ग्रामीण साहू संघ फरहद के संयुक्त तत्वावधान में कल 5 अप्रैल को ग्राम फरहद (सोमनी) में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में सुबह 10 बजे माता कर्मा की पूजा-अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही कवि सम्मेलन में कवियों द्वारा हास्य व्यंग कविता एवं सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व अध्यक्षता जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि मोतीलाल साहू, कमलकिशोर साहू, नीलमणी साहू, नोबल साहू, विवेक साहू, शेखर साहू, किरण साहू, देवकुमारी साहू, डॉ. चेतन साहू, कोमल सिंह राजपूत, प्रतिमा चंद्राकर, अंगेश्वर देशमुख, खिलेश्वर साहू, उतरीबाई तामसकर, डुगेश साहू, निर्मला साहू, खिलानंद साहू शामिल रहेंगे।

### जिला कांग्रेस कमेटी केसीजी का सम्मेलन आज

**छुईखदान।** जिला कांग्रेस कमेटी केसीजी की कार्यकारिणी गठन के बाद पार्टी संगठन की प्रथम सम्मेलन आज छुईखदान स्थित टिकरी पारा मंगल में आयोजित किया गया है। शाम छः बजे से जिला कांग्रेस कमेटी की प्रथम बैठक का आयोजन होगा जिसमें जिले भर से कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेतागण शामिल होंगे। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान उपस्थित रहेंगे।जिसमें पूर्व विधायक मनरेगा बचाओ अभियान के संयोजक भुनेश्वर बघेल, संगठन सृजन अभियान के प्रभारी कुलबीर छाबड़ा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू, नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्य, महामंत्री, सचिव, कार्यकारिणी सदस्य संहित पूर्व विधायक समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### ललित को मिली शहर कांग्रेस प्रवक्ता की जिम्मेदारी



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन से शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार द्वारा प्रस्तावित कर प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू के मार्गदर्शन में जारी किया गया। इस कार्यकारिणी में सक्रिय कांग्रेस नेता ललित मरकाम को शहर कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। ललित मरकाम लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े हुए हैं और विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी प्रभावशाली व्यक्तित्व शैली, स्पष्ट विचारधारा एवं जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने की क्षमता उन्हें संगठन में एक मजबूत पहचान दिलाती है। यही कारण है कि संगठन ने उन्हें प्रवक्ता जैसे अहम पद की जिम्मेदारी सौंपकर उन पर भरोसा जताया है। अपनी नियुक्ति पर ललित मरकाम ने संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते कहा कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक सशक्त बनाना तथा आमजन की आवाज को प्राथमिकता देना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। ललित की इस नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। बधाई देने वालों में जितेंद्र मुदलियार, कुलबीर सिंह छाबड़ा, नासिर जिंदरान, विमल अग्रवाल, बबलू कसार, राजू खान, चेतन भानुशाली, विशु अजमानी, ऋषि शास्त्री, संजय साहू, शुभम कसार, जय जायसवाल सहित अन्य शामिल हैं।

### बीएससी थर्ड सेमेस्टर के जूलाजी और केमेस्ट्री के बड़ी संख्या में छात्र फेल

# एक ही विषय में दर्जनों विद्यार्थी फेल
# एनएसयूआई ने घेरा प्राचार्य कार्यालय

## कापियां ठीक से चेक नहीं होने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के बीएससी के छात्र-छात्राओं के थर्ड सेमेस्टर जूलॉजी और केमिस्ट्री के पेपर में बड़ी संख्या में फेल होने पर प्राचार्य कार्यालय का घेराव किया। वहीं पेपर का पुनर्मूल्यांकन करने मांग की।

दिग्विजय महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के एक ही विषय में फेल होने का मामला सामने आया है। छात्रों का आरोप है कि कॉपियां ठीक से चेक नहीं की गई है। जिसके कारण कई विद्यार्थी फेल हो गए हैं। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं का भविष्य खतरे में देखते हुए प्राचार्य कार्यालय का घेराव किया और कॉपियों की पुनर्मूल्यांकन करने मांग की।



**उग्र आंदोलन की चेतावनी**

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के ऑटोनॉमस डिपार्टमेंट में प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। वहीं कॉपियां दोबारा खुलवाने की मांग की है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रशासन से तुरंत रिजल्ट सुधारने की मांग की है अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### चेक किए बिना ही नंबर देने का आरोप

एनएसयूआई के अध्यक्ष अमर झा ने कहा कि बीते 1 तारीख को आवेदन के माध्यम से फेल हुए विद्यार्थियों का रोल नंबर व नाम देकर पेपर री-चेक करने आग्रह किया गया था। जिसके बाद पेपर का रेंडम चेकिंग करने सहमति बनी थी, लेकिन अब प्रति विद्यार्थी के पीछे 23 सौ रुपए पेपर चेक के लिए मांगे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के प्रैक्टिकल फाइल चेक किए बिना ही नंबर दे दिया गया। एक ही सब्जेक्ट में 40-50 विद्यार्थी फेल हो रहे हैं, जो कॉलेज प्रशासन की लापरवाही है।

### छात्रों से अधिक पैसा मांगना दुर्भाग्यपूर्ण

एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव ने बताया कि यूजीसी के नियम में तो फीस कम से कम पांच सौ रुपए से ज्यादा नहीं है तो दिग्विजय महाविद्यालय प्रशासन किस नियम की दुहाई दे रहा है और छात्रों को परेशान कर रहा है। उन्होंने कहा कि दो हजार रुपए छात्रों से लेना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एनएसयूआई के प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति, मिथलेश चंदेल, इमरान सोलंकी, खालिद खान, दीपक यादव, गीतेश सतीश मरकाम, संजय, वेदांत, दुर्गेश, साहू, आयुष सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# यातायात नियमों का उल्लंघन, 104 वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई अभियान चलाया है। जिसके तहत 104 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर 38,500 रुपए जुर्माना वसूला गया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शहर के पुराना रेस्ट हाउस रोड, रेलवे स्टेशन रोड, पोस्ट ऑफिस चौक से गुरुनानक चौक तक सर्विस रोड, जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, फौव्वारा चौक, गुड़ाखू लाइन में नो-पार्किंग एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

### शराब सेवन व अन्य मामलों में कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 4 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। इसी तरह ओवर स्पीड वाहनों पर 8 प्रकरण, रेड सिग्नल जंप 20 प्रकरण, दुपहिया वाहन में तीन सवारी 17 प्रकरण, नो-पार्किंग में खड़े वाहन 12 प्रकरण, चार पहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट 4 प्रकरण, बिना लाइसेंस वाहन चलाना 2 प्रकरण, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग 1 प्रकरण, मौके पर वाहन के कागजात प्रस्तुत न करने पर 23 प्रकरण, अन्य यातायात नियम उल्लंघन 13 प्रकरण इस प्रकार कुल 104 वाहन चालकों से 38,500 का जुर्माना वसूला गया। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को न्यायालय में पेश किया जाता है। यातायात पुलिस द्वारा यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली की बचत हो रही है, बल्कि स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा भी मिल रहा है। राजनांदगांव के सांसद एवं राजनांदगांव के विधायक प्रतिनिधि होने के नाते रूपचंद भीमनानी ने इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ लेकर जनमानस के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बन गए हैं।

श्री भीमनानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आह्वान से प्रेरणा लेकर ऑनलाइन आवेदन कर वेबसाइट में पंजीकृत वेंडर को चिन्हांकित कर संपर्क किया एवं अपने घर में सिंगल फेज कनेक्शन वाला 3 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाया है। श्री भीमनानी ने राजनांदगांव एवं कवर्धा जिले के नागरिकों से भी योजना का लाभ लेने की अपील की है। वे कहते हैं कि हर घर सौर ऊर्जा को अपनाए, तो न केवल बिजली खर्च में कमी आएगी, बल्कि हम ऊर्जा आपूर्ति के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगे।

### प्रतिदिन 14 यूनिट उत्पादन

योजना के अंतर्गत शहर के रेलवे स्टेशन के समीप अपने निवास पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित कराने वाले श्री भीमनानी ने बताया कि उन्हें वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 14 यूनिट बिजली का उत्पादन मिल रहा है। 3 किलोवाट सोलर सिस्टम स्थापित होने के बाद न केवल उनके घर के बिजली बिल में कमी आई है, बल्कि वे स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने इस योजना को आम आदमी के लिए राहत और भविष्य के लिए निवेश बताते शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मोहरा एनीकट की बढ़ेगी ऊंचाई, जिला बोरवेल संघ ने विस अध्यक्ष रमन का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी पर स्थित मोहरा एनीकट की ऊंचाई बढ़ाने और जलभराव क्षमता विस्तार को लेकर लंबे समय से की जा रही मांग अब पूरी होने जा रही है। जिला बोरवेल संघ की पहल और अनुरोध पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने इस महत्वपूर्ण योजना को बजट में शामिल कराया है। इस निर्णय से शहरवासियों को भविष्य में भीषण गर्मी के दौरान जल संकट से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

जिला बोरवेल संघ के अध्यक्ष हेमंत साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंटकर एनीकट की ऊंचाई बढ़ाने का आग्रह किया था। संघ का मानना है कि एनीकट की ऊंचाई बढ़ने से पानी का स्टोरेज बढ़ेगा। जिससे न केवल पेयजल आपूर्ति सुधरेगी, बल्कि पूरे शहर का भू-जल स्तर बेहतर बना रहेगा।



**गहरीकरण की आवश्यकता**

संघ ने प्रशासन का ध्यान एक गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया है। संघ ने कहा कि मोहरा स्थित एनीकट में वर्षों से रेत और मिट्टी जमा होने के कारण इसकी जल संग्रहण क्षमता भी काफी कम हो गई है। उन्होंने मांग की है कि एनीकट के पास जमा रेती को तत्काल हटाया जाए। नदी की कम से कम 2 मीटर गहराई तक खुदाई की जाए, ताकि पानी का अधिक संचय हो सके। स्टोरेज क्षमता बढ़ने से नलकूपों और बोरवेलों में पानी का स्तर नीचे नहीं गिरेगा। बोरवेल संघ की इस मांग को स्वीकार किए जाने पर संघ के टोमन साहू, चंदन साहू, सुरेश साहू, सुनील साहू, लखन सूर्यवंशी और भुवन सिन्हा सहित अन्य सदस्यों ने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### नलकूप टेंडर का उठाया मुद्दा

बोरवेल संघ ने सरकारी तंत्र में व्याप्त विसंगतियों पर भी चिंता जताई है। बताया जा रहा है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नलकूप खनन के लिए मात्र 90 मीटर का टेंडर दिया जा रहा है, वह भी शासकीय दर से 40 प्रतिशत बिलों पर है। संघ के सदस्यों और स्थानीय ठेकेदारों ने कहा कि टेंडर ही इतने कम रेट पर लिए जा रहे हैं और कथित तौर कमीशन देने की बातें सामने आती है। ऐसी स्थिति में कार्य की गुणवत्ता क्या होगी।

# नए शिक्षण सत्र से बच्चों में दिखा उत्साह

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में नया शिक्षण सत्र 1 अप्रैल से आरंभ हुआ। इस अवसर बच्चों में उत्साह एवं खुशी देखते ही बनी। नए शिक्षण सत्र के शुरूआत की पहली कड़ी में प्री.नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों के बीच मां सरस्वती की पूजा एवं हनुमान चालीसा के पाठ पश्चात तिलक लगाकर व मिठाई वितरण कर शाला में प्रवेशित किया गया। बच्चों को पूरे सत्र में उनकी पढ़ाई, खेलकूद एवं निर्धारित गतिविधियों से अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों को नई कक्षाओं में प्रवेशित होने पर शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य आरती पिल्लई, एचएम वैशाली सिंग सहित स्कूल की शिक्षिकाएं एवं पालकों की भी उपस्थिति रही। इसके साथ ही पालकों ने श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों में संस्कारयुक्त शिक्षा देने की प्रशंसा भी की। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।



### बच्चों को मिलेगा उचित वातावरण

इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी व सोनल बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित व सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किा गया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं एवं अशीर्वचन दिया गया। श्री बाजपेयी ने पालकों का आभार जताते अपने उद्बोधन में पालकों को आश्वस्त कराया कि संस्था सदैव आपके बच्चों का उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु पूर्ण जिम्मेदार है। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों का समग्र विकास व गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा का उचित वातावरण शाला द्वारा दिया जाएगा।

# आपरेशन अमानत : यात्री का मोबाइल आरपीएफ ने लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री का खोया मोबाइल सुरक्षित लौटाया गया। रेलवे सुरक्षा बल राजनांदगांव द्वारा "ऑपरेशन अमानत" के अंतर्गत मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर के निर्देशन में अरे इंस्पेक्टर तरुणा साहू पोस्ट प्रभारी के नेतृत्व में एक सराहनीय कार्य करते यात्री का खोया हुआ मोबाइल सुरक्षित रूप से वापस किया गया।

सूत्रों के अनुसार 3 अप्रैल को प्लेटफार्म ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक एनजी गोस्वामी द्वारा रेलवे स्टेशन राजनांदगांव प्लेटफार्म नंबर 1 पर गश्त के दौरान समय लगभग 2 बजे नागपुर एंड की ओर एक मोबाइल लावारिस हालत में पाया गया, जिसे पोस्ट में सुरक्षित रखा गया। कुछ समय पश्चात उक्त मोबाइल पर कॉल प्राप्त होने पर ड्यूटी में तैनात स्टाफ द्वारा कॉल अटेंड किया गया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को मोबाइल का मालिक बताते अपना नाम बल्लू सिंह निवासी जिला बालेश्वर (उड़ीसा) बताया। उक्त यात्री गाड़ी संख्या 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहा था। राजनांदगांव स्टेशन पर पानी लेने हेतु उतरने के दौरान उसका मोबाइल प्लेटफार्म पर छूट गया था।

बाद में उक्त यात्री समय लगभग 18 बजे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव उपस्थित हुआ तथा अपना पहचान पत्र, यात्रा टिकट एवं मोबाइल का बिल प्रस्तुत किया, जिसे सत्यापन उपरांत सही पाया गया। इसके पश्चात उक्त मोबाइल को विधिवत सही सलामत उसे सुपुर्द किया गया।



### ट्राली बैग सुरक्षित लौटाया

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा "ऑपरेशन अमानत" के अंतर्गत एक सराहनीय कार्य करते यात्री का खोया हुआ ट्रॉली बैग सुरक्षित रूप से वापस किया गया। यह कार्य मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर दीपचंद आर्य के निर्देशन तथा निरीक्षक तरुणा साहू के नेतृत्व में संपन्न किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 18239 शिवनाथ एक्सप्रेस के रेलवे स्टेशन राजनांदगांव प्लेटफार्म संख्या 2 पर आगमन के दौरान प्लेटफार्म ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक आर. रायकवार द्वारा गाड़ी के जनरल कोच की जांच की गई। जिसमें एक भूरे रंग का ट्रॉली बैग लावारिस स्थिति में प्राप्त हुआ। आसपास उपस्थित यात्रियों से पूछताछ करने पर कोई दावेदार नहीं मिला। तत्पश्चात प्राप्त सूचना के आधार पर ट्रॉली बैग को सुरक्षित रूप से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव में जमा किया गया। 3 अप्रैल को समय लगभग 8.30 बजे शिकायतकर्ता यात्री श्रीमती पूजा देवांगन निवासी काशीनगर जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) पोस्ट पर उपस्थित हुई। उनके द्वारा प्रस्तुत पहचान पत्र, यात्रा टिकट एवं अन्य विवरणों का सत्यापन किया गया। जांच के दौरान ट्रॉली बैग में कपड़े, कॉपी-किताब एवं आवश्यक दस्तावेज पाए गए, जो सही पाए गए। सत्यापन उपरांत उक्त ट्रॉली बैग को उसके समस्त सामान सहित सही सलामत यात्री को सुपुर्द किया गया।



## 25 सौ से ज्यादा एथलीट्स ने अलग-अलग खेलों में लिया हिस्सा

# ट्राइबल गेम्स में हॉकी खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेल एवं युवा मामले भारत सरकार के मार्गदर्शन में पहली खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिली थी। जिसमें जनजातिय युवा खिलाड़ियों के हुनर को निखारने का एक सुनहरा अवसर इस आयोजन से इसी कड़ी में 1 अप्रैल 2026 को हॉकी का फाइनल मैच और समापन समारोह सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में सम्पन्न हुई।

अतिथि के रूप में संचालक ने कहा कि एक समय था, जब छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के लिए जाना जाता था और यहां के लोगों को एक पिछड़ा समुदाय माना जाता था। आज मुझे लगता है कि इस क्षेत्र के लिए एक नई दिशा खुल रही है। नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है और खेल के माध्यम से इस धरती के युवा अब अपनी ऊर्जा और क्षमता को सामने ला सकते हैं और देश के लिए खेल सकते हैं। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026' के दौरान आयोजन को सफल बनाने में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) टीम के प्रयासों की सराहना करते हैं और कहा कि एथलीटों, स्थानीय समुदाय और इस क्षेत्र के लोगों की ओर से मिली प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक है।

देशभर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 2,500 से ज्यादा एथलीट अलग-अलग खेलों में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में हिस्सा ले रहे हैं।




### खिलाड़ियों का सम्मान

समापन समारोह के दौरान संचालक तनुजा सलाम (आईपीएस) और फिरोज अंसारी ने हॉकी में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर रही टीम ओडिशा द्वितीय स्थान पर टीम झारखंड और तीसरे स्थान पर मेजबान छत्तीसगढ़ को मैडल तथा शुभंकर मोरवीर देकर सम्मानित किए। साथ ही बालिका वर्ग में प्रथम हॉकी ओडिशा द्वितीय हॉकी झारखंड, तृतीय हॉकी मिजोरम की बालिकाओं को भी मेडल और मोरवीर देकर सम्मानित किया गया। श्री अंसारी ने ट्राइबल गेम्स की इस सफल आयोजन के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) छत्तीसगढ़ शासन तथा इस आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

## सार समाचार

### संपत्ति कर बढ़ाकर जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाया



**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में की गई बढ़ोत्तरी को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते इसे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला कदम बताया है। संपत्ति कर वृद्धि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। श्री पिल्ले ने निगम प्रशासन और सरकार पर निशाना साधते कहा कि जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे में संपत्ति कर बढ़ाना पूरी तरह जनविरोधी निर्णय है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के चलते पहले ही आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। जिससे आम नागरिकों का बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे हालात में नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में 6 प्रतिशत से लेकर 20 प्रतिशत तक की वृद्धि करना जनता पर दोहरी मार डालने जैसा है। श्री पिल्ले ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार और निगम प्रशासन जनहित की बात तो करते हैं, लेकिन उनके फैसले इसके विपरीत दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि इस कर वृद्धि से मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम को जनता की समस्याओं को समझते हुए ऐसे फैसलों पर पुनर्विचार करना चाहिए। बढ़ा हुआ संपत्ति कर न केवल करदाताओं के लिए परेशानी का कारण बनेगा, बल्कि इससे उनके घरेलू बजट पर भी सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी देते कहा कि यदि निगम प्रशासन ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया तो जनता के हित में आंदोलन किया जाएगा।

### रिसोर्ट में शराब पीने सुविधा उपलब्ध कराने पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** मनगटा क्षेत्र में बने रिसोर्ट पर पुलिस द्वारा अचानक छापेमारी की गई। इस दौरान एक रिसोर्ट में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी पुलिस की टीम गठित कर मनगटा स्थित रिसोर्ट में लगातार डीजे बजने एवं शराब पिलाने की शिकायत पर रिसोर्ट में 4 अप्रैल को औचक छापेमारी की कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान त्रचा रिसोर्ट एवं नायरा रिसोर्ट मनगटा में रिसोर्ट में आने-जाने वाले लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने से पीने वालों को मौके पर समझाईश दी गई और त्रिचा रिसोर्ट के संचालक चंद्रशेखर 24 साल एवं नायरा रिसोर्ट के संचालक सोहन निर्मलकर 30 साल के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई किया गया।

### फुडपार्क पांगरी का नाम बिरसामुंडा पार करने की मांग

**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के समाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम पथर्री के किसान कन्हैयालाल खोब्रागड़े ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को जिलाधीश राजनांदगांव के माध्यम से चार सूत्रीय मांगों को पूरा करने आग्रह किया गया। छुरिया के ग्राम पंचायत पांगरीखुर्द में ग्राम पथर्री और पांगरी कला समाहित है। यहां पर 53 एकड़ शासकीय भूमि फुडपार्क के नाम से आरक्षित की गई है। यहां पर मक्का फुड प्रोसेसिंग उद्योग हेतु काम चल रहा है। क्षेत्र की जनता छत्तीसगढ़ शासन से मांग करती है कि इस 53 एकड़ फुडपार्क परिसर को आदिवासी नेता बिरसामुंडा के नाम किया जाए। इस परिसर में बिरसामुंडा की शासकीय व्यय से आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएं। परिसर में 3 एकड़ भूमि आदिवासी स्वाभिमान मेला के लिए सुरक्षित रखा जाएं। परिसर में 10 दुकानें निर्मित की गई है, इन दुकानों को पांगरीखुर्द एवं पथर्री के युवाओं को व्यवसाय हेतु आबंटित किया जाए।

### वार्ड नं. 11 में डस्टबिन का वितरण



**राजनांदगांव।** शहर को स्वच्छ, साफ एवं सुंदर रखने तथा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छा रैंक लाने नगर निगम द्वारा सफाई में गुणात्तमक सुधार लाने अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत वार्डों में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखने डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। डस्टबिन वितरण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव शनिवार को वार्ड नं. 11 स्टेशनपारा में घर-घर गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखने महिलाओं को डस्टबीन का वितरण किया। वितरण अवसर पर सावन वर्मा, संदीप बघेल, छोटेलाल रामटेके, मनोहर यादव, राजेश मिश्रा उपस्थित थे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
राजनांदगांव एवं कवर्धा में हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 5-5 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव
7489534456
ब्यूरो कार्यालय, एकता चौक, कवर्धा
9893605300, 8889139071




## जीवनकाल में रक्तदान, मरने के बाद देहदान का संकल्प

# देहदान के लिए पति-पत्नी फैला रहे जन जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जीवनकाल में मानव सेवा के लिए कुछ करने की तमन्ना रखने वाले कम ही होते हैं। वहीं कुछ ऐसे भी होते हैं जो जीते-जी लोगों की भलाई के लिए काम करते हैं और मरने के बाद भी उनका शरीर मानवता के लिए काम आए, ऐसा कर जाते हैं। ऐसा ही कुछ किया है जिले के सोमनी क्षेत्र स्थित नवागांव के सोहनलाल साहू और रूखमणी साहू ने।



यह पति-पत्नी अपने जीवनकाल में लोगों के लिए रक्तदान कर जीवनदान देते हैं, तो वहीं अब मरने के बाद देहदान करने का संकल्प लिया है। वर्तमान में 6वीं बटालियन रायगढ़ में आरक्षक चालक के पद पर तैनात सोहनलाल साहू और उनकी पत्नी रूखमणी साहू ने मरणोपरांत अपना शरीर और अंगदान करने का निर्णय कर इस दिशा में और लोगों को जागरुक कर रहे हैं। देहदान करने वाले दंपत्ति ने कहा कि जरूरतमंदों को मरणोपरांत नए जीवन देने के लिए अंगदान एवं शरीर दान करने से चिकित्सा के क्षेत्र में बच्चे अध्ययन-अध्यापन कर सके, इसलिए हम दोनों ने यह संकल्प लिया है, जो मानव समाज के लिए एक प्रेरणा है। दंपत्ति द्वारा अन्य लोगों को भी अंगदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे लगभग 12 से 15 लोग भी प्रेरित हो चुके हैं।

### राजकीय सम्मान से हो अंतिम विदाई



सोहनलाल साहू की पत्नी रूखमणी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पत्र के माध्यम से मांग ही है कि मध्यप्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, गुजरात आदि राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी देहदान और अंगदान करने वाले व्यक्तियों को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाए।

### हर साल 5 लाख लोगों का प्रत्यारोपण

देहदान करने वाले सोहनलाल साहू ने कहा कि भारत में प्रतिदिन लगभग 63 हजार लोगों की मृत्यु होती है। जबकि देहदान या अंगदान की दर बहुत कम है। प्रति 10 लाख आबादी पर 0.52 के करीब। हालांकि 2023 में 17000 से अधिक अंगदान जीवित और मृत मिलकर हुए, लेकिन मृत्यु की तुलना में यह काफी कम है। कुल मृत्यु में से केवल 0.0001 प्रतिशत से कम लोग ही देहदान कर पाते हैं। जबकि हर साल लगभग 5 लाख लोगों को अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है।

# हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बनेगी सड़क, नाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन की विभिन्न मदो एवं योजनाओं के अलावा सांसद, विधायक एवं महापौर व पार्षद निधि से शहर में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विकास की कड़ी में वार्ड नं. 22 के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में विधायक निधि अंतर्गत स्वीकृति 5 लाख रुपए की लागत से रोड एवं नाली निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, सावन वर्मा, संदीप बघेल, प्रियंका कुरंजेकर, मनोहर यादव, अतुल रायजादा, पंकज कुरंजेकर की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन की नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा वार्डों में विकास कार्य कराने अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि से राशि स्वीकृत किए। जिससे वार्डों में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विकास कार्य कराने विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पांडे भी अपनी निधि से राशि स्वीकृति करते हैं। इसी के तहत विधायक निधि से स्वीकृति



अनुसार हाउसिंग बोर्ड में रोड एवं नाली निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्राथमिकता से वार्डों में विकास कार्य कराए जाएंगे।

भूमिपूजन के पश्चात महापौर श्री यादव ने कमेलशदास के निवास में स्वयं द्वारा निर्मित रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को देखा। उन्होंने कहा कि इन्होंने वर्षा एवं अन्य पानी भूमि में जाने बहुत ही अच्छे तरीके से रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाया है, यह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि वाटर हार्वेस्टिंग जल संरक्षण का सबसे अच्छा माध्यम है। इस सिस्टम को हम निगम में अमल करेंगे। उन्होंने वार्डवासियों से भी वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की अपील की। इस अवसर पर वार्डवासी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### युवा साहू संघ अध्यक्ष लखन साहू ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**हरिभूमि कोलेगांव।** कुण्डा युवा साहू संघ के अध्यक्ष बने लखन साहू ने जिलाध्यक्ष के आदेशानुसार एवं तहसील अध्यक्ष कुण्डा श्रवण साहू के अनुशंसा पर शुक्रवार को कार्यकारिणी का विस्तार किया, जिसमे तहसील कुण्डा क्षेत्र से सामाजिक युवाओं को प्राथमिकता मिले, कार्यकारिणी में योगेश साहू, फिरतु साहू को महामंत्री का दायित्व दिया गया तथा उपाध्यक्ष के लिए लीलाव्रत, बबलू, रोहित, भूपेंद्र, बलराम, जसपाल, राजकुमार साहू को नियुक्त किया गया। साथ ही साथ संगठन सचिव व संगठन मंत्री का दायित्व क्रमशः राजा साहू, जय साहू, दीनू, योगेंद्र, शुभम, हीरा, विवेक, ओंकार, टूमीस, राकेश, राहुल, लव साहू, मोहन साहू को दायित्व दिया गया वहीं मीडिया प्रभारी का दायित्व रवि साहू को सौंपा गया। जिस पर अध्यक्ष लखन साहू ने बताया कि इससे कार्यकारिणी के विस्तार से समाज के युवाओं को आगे आने का अवसर प्राप्त होगा एवं युवाओं के काम करने से समाज को एक नई दिशा मिलेगा, युवा समाज के नियम व्यवस्था से अवगत हो आगे की तैयारी करेंगे। कुण्डा में निवासरत जिला संगठन सचिव गौतम साहू, तहसील अध्यक्ष श्रवण साहू, महामंत्री द्वय माधुरी-भगबली साहू, लाला साहू, भानुमती साहू सहित साहू समाज के वरिष्ठ जनों ने सभी युवाओं को बधाई प्रेषित की।

### कवर्धा के जितेंद्र ठाकुर ने निभाई राष्ट्रीय निर्णायक की भूमिका

**हरिभूमि कवर्धा।** सीनियर राष्ट्रीय स्तर बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 28-29 मार्च को 17वीं आयोजन इंदौर मध्यप्रदेश में भव्य रूप से आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से 8 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वजन वर्ग समूह में भाग लिया। जिसमें 75 किलोग्राम वर्ग समूह में चिरमिरी के अशोक बेहरा को द्वितीय स्थान तथा बिलासपुर के आनंद राव को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र टेकाम व महासचिव राज शेखर राव साथ ही कवर्धा के निवासी जितेंद्र सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय निर्णायक के रूप में अपना योगदान दिया तथा टिम मैनेजर के रूप में अवधेश सिंह ठाकुर कोच के रूप में रवि नेताम धमतरी ने अपना योगदान दिया।

## निधन

### दिलीप चंद्राकर

**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम खम्हरिया निवासी दाऊ स्व.आजूराम चंद्राकर के पुत्र दिलीप चंद्राकर का शनिवार प्रातः 6:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया, उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. दिलीप चंद्राकर कुर्मी समाज के पितामह एवं क्षेत्र के पर्वतदानी स्व. विपत राम चंद्राकर के सुपौत्र तथा आजूराम चंद्राकर के पुत्र एवं अधिवक्ता धनंजय चंद्राकर के भतीजा थे। स्व. श्री चंद्राकर ग्राम के पूर्व उपसरपंच रहते हुए सामाजिक एवं राजनीति में सक्रिय रहकर जनसेवा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिजन ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

### राजस्व मामले में नोटिस
(सीपीसी आदेश 5 नियम 20 के तहत)

प्रति,
(1) अजय सोनी, पिता गणेश
(2) उषा बेवा गणेश सोनी
(3) रामअवतार पिता खुबुकलाल सभी का पता सतनामी पारा वार्ड नं. 18, साकिन कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ०ग०)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश पिता अमरचंद, अमरचंद पिता सेतुलाल गोप निवासी कवर्धा के द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रमांक-16 सी भू-खण्ड क्रमांक-164/1 क्षेत्रफल 156.82 वर्ग मीटर भू-खण्ड जो अजय सोनी पिता गणेश, उषा बेवा गणेश सोनी, बेला जौजे सेतूवा, राम अवतार पिता स्व. खुबुकलाल साकिन कवर्धा के नाम पर है। उक्त भूखण्ड पर मूल धारिकाओं के द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 24.01.2005 एवं 07.08.1978 में वसीयतग्रहिता उमेश पिता अमरचंद, अमरचंद, राजेन्द्र पिता सेतुवा के नाम पर निष्पादित हुआ है, जिसके आधार पर वसीयतग्रहिता का वाद भूमि पर कब्जा पाया गया है। वसीयतग्रहिताओं के द्वारा पंजीकृत वसीयत के आधार पर भूखण्ड का नामांतरण हेतु आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूखण्ड का नामांतरण पंजीकृत वसीयत के आधार पर भूखण्ड का नामांतरण वसीयतग्रहिताओं के द्वारा चाहा गया है। इस संबंध में न्यायालय में दिनांक 16.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अनुपस्थिति की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

**जारी दिनांक 25.03.2026**

मुहर

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

---

### चूल्हा और सिगड़ी का चलन लौटने लगा

# रसोई गैस की किल्लत, होटल ढाबों में लकड़ी का उपयोग बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

रसोई और व्यवसायिक गैस की किल्लत के बाद होटलों और ढाबों में चूल्हा युग लौट आया है। लोग अब तक किल्लत और कालाबाजारी से बचने के लिए परंपरागत चूल्हा और सिगड़ी का उपयोग करने लगे है जिससे इन दिनों जलाऊ लकड़ी और कोयले की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर सहित क्षेत्र में एक बार फिर जलाऊ लकड़ी कारोबार गति पकड़ने लगा है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद रसोई गैस की किल्लत हो गई है। सरकार ने जहां व्यवसायिक सिलेंडर के विक्रय पर रोक लगा दिया है वहीं घरेलू सिलेंडर की बुकिंग के लिए टाइम लिमिट तय कर दिया है। टाईन लिमिट के बाद आम उपभोक्ताओं को गैस के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं कालाबाजारी की शिकायतें सामने आ रही है। जानकारी के जानकारी हजार रूपए में मिलने वाला सिलेंडर की ब्लैक मार्केट में कीमत 18 सौ तकपहुंच गई है।



#### जलाऊ लकड़ी भी महंगी

जानकारी के अनुसार 4 से 5 रूपए प्रति किलो में बिकने वाली जलाऊ लकड़ी की कीमत 6 रूपए पहुंच गई है। होटल- ढाबों के संचालकों ने बताया कि लकड़ी के उपयोग से फैलने वाले प्रदूषण को देखते हुए गैस से समान बनाना उचित है किन्तु किंतु 18 सौ रूपए देने के बाद भी उन्हे पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर नही मिल रहा है जबकि 6 रूपए प्रति किलो में जलाऊ लकड़ी आसानी से मिल रही है।

#### लकड़ी की मांग बढ़ी

जानकारी के अनुसार शहर में वर्तमान में सौ से दो सौ किलो तक खपने वाली जलाऊ लकड़ी की मांग काफी बढ़ गई है और प्रतिदिन हजार से पंद्रह सौ किलो तक खप रही है। आनेवाले दिनों में लकड़ी की मांग और बढ़ने की संभावना है। जानकारी के अनुसार गरीब तबके लोग उज्जवला गैस योजना के तहत सिलेंडर नहीं मिलने के बाद अब चूल्हा का उपयोग करने लगे हैं।

---

# टीईटी के विरोध में शिक्षक संगठन रामलीला मैदान पहुंचे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा के केंद्रीय नेतृत्व व छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के प्रांतीय नेतृत्व एवं कबीरधाम जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के मार्गदर्शन तथा कार्यकारी अध्यक्ष केशलाल साहू व जिले के चारों ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी, राजेश प्रसाद मिश्रा, सुरेश सिंह ठाकुर, धर्मू दास कुर्रे व सहायक शिक्षक फेडरेशन के सक्रिय साथियों के विशेष प्रयास व सहयोग से देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में आयोजित महान धरना प्रदर्शन, रैली एवं आंदोलन के लिए जिले से कार्यकारी जिला अध्यक्ष केशलाल साहू, जिलापदाधिकारी संजय साहू सहित जाबाज शिक्षक साथी बड़ी संख्या मे पहुंचें। टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में शनिवार को राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में देशव्यापी शिक्षक आंदोलन का विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक रैली में देशभर से लगभग 20 लाख शिक्षक अपनी नौकरी और अधिकारों की रक्षा के लिए एकत्रित हुए। आंदोलन में भारत के विभिन्न राज्यों के शिक्षक बड़ी संख्या में शामिल हुए और सरकार के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की। इस आंदोलन का आयोजन टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया टीएफआई के बैनर तले किया गया। रैली में शिक्षकों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर आरटीई अधिनियम से पहले कोई टीईटी नहीं के नारे लगाए और सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की अपील की। रैली का नेतृत्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, फैडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बसंत कौशिक, प्रदेश सचिव राजू टंडन, प्रदेश कोषाध्यक्ष शेषनाथ पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने किया। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा जो उत्तर प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं, ने मंच का संचालन करते हुए शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा।

#### सरकार से अपील कर शिक्षकों के हितों की रक्षा करते हुए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए

रैली में वक्ताओं ने कहा कि वर्षो से सेवा दे रहे शिक्षकों पर नई पात्रता परीक्षा थोपना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने सरकार से अपील की कि शिक्षकों के हितों की रक्षा करते हुए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए। मुख्य मांगें संसद में विधेयक लाकर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए। नियुक्ति के समय निर्धारित मूल सेवा शर्तों का सम्मान किया जाए। 20-25 वर्षो से सेवा कर रहे शिक्षकों को नई परीक्षा के नाम पर प्रताड़ित करना बंद किया जाए। आंदोलन का संदेश-शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि सरकार को उनकी आवाज सुननी चाहिए और इस काले कानून को खत्म करना चाहिए। किसी भी शिक्षक को जबरन नई पात्रता परीक्षा देने के लिए बाध्य न किया जाए।

---

# त्रिदेवों में बड़े भगवान श्री नारायणः पं. राघवेंद्र शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

पंडरिया विकासखण्ड के धर्म नगरीय ग्राम हथमुड़ी में स्व. हेमंत चंद्रवंशी के वार्षिक श्राद्ध पर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताहिक 27 मार्च से 3 अप्रैल के मध्य आयोजित कार्यक्रम के अष्टम दिवस में कथाविषय अनुक्रम अनुसार वैशाख कृष्ण पक्ष प्रथम 3 अप्रैल शुक्रवार को कथा व्यास पं राघवेंद्र शर्मा ने त्रिदेवों की महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि त्रिदेव में कोई भी छोटा और बड़ा नहीं होते हुए भी महात्माओं के द्वारा परीक्षा लेने के अनुक्रम में ऋषि भृगु को भेजा गया, जिस पर उनके लिए महादेव और ब्रम्हा नाराज हुए ऋषि भृगु क्षीर सागर पहुंचते ही भगवान लक्ष्मी नारायण के वक्ष स्थल पर लात मारते हैं। भगवान तुरंत उनके चरणों को पकड़कर ऋषि से क्षमा याचना करते हैं मेरा वक्त स्थल कठोर एवं आपका चरण कोमल है, कहीं आपको चोट लगी हो तो मैं क्षमा प्रार्थी हूं अतः इस परीक्षा में भगवान लक्ष्मी नारायण उत्तीर्ण हुए तदनुसार त्रिदेवों में कोई भी छोटा-बड़ा ना होते हुए भी भगवान नारायण बड़े हुए श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन के मुख्य यजमान श्रीमती अनुसूईया शंकरलाल चंद्रवंशी एवं परायणकर्ता ग्राम आचार्य पं सुशील शर्मा विराजमान है। इस आयोजन को लेकर ग्राम हथमुड़ी सहित आसपास क्षेत्र में श्रद्धा-भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है साथ ही साथ आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुगण कथा रसपान कर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं। इस कार्यक्रम के आयोजक श्रीमती अनुसूईया शंकरलाल चंद्रवंशी, श्रीमती भारती नितेश चंद्रवंशी, श्रीमती पूजा प्रकाश चंद्रवंशी के साथ-साथ समस्त परिवार जनों का सहयोग रहा।



#### सांस्कृतिक रंग और मनोरंजन ने बनाया आयोजन को यादगार

**हरिभूमि कवर्धा।** 27 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित स्वदेशी मेला इस वर्ष कवर्धा में उत्साह, संस्कृति और मनोरंजन का अनूठा संगम बनकर उभरा। सात दिनों तक चले इस आयोजन में सांस्कृतिक, व्यावसायिक एवं मनोरंजन कार्यक्रमों की धूम रही, जिसने हजारों दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। मेले का भव्य शुभारंभ बॉलीवुड सिंगर ऐश्वर्या पंडित के शानदार गायन से हुआ। उनकी प्रस्तुति ने पहले ही दिन माहौल को संगीतमय बना दिया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे आयोजन के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, जहां दर्शकों ने विभिन्न कार्यक्रमों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों और मनोरंजन के विविध आयाम देखने के को मिले। स्थानीय कलाकारों को मंच मिला, वहीं बाहर से आए कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। मेले में लगे स्टॉल, झूले और अन्य आकर्षण लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बने रहे। मेले का समापन प्रसिद्ध कौशल अनुप लाफ्टर शो के साथ हुआ, जिसने पूरे माहौल को हंसी से सराबोर कर दिया। कलाकार कौशल साहू और अनुप श्रीवास्तव की जोड़ी ने अपनी बेहतरीन कॉमेडी, मिमिक्री और मंच संचालन से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। उनकी प्रस्तुति के दौरान दर्शकों की जोरदार तालियां और ठहाके गूंजते रहा।

---

# बरबसपुर में तीन दिवसीय भव्य सतनाम मेला संपन्न

## क्षेत्र में गुंजा गूंजा मनखे-मनखे एक समान का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

ग्राम बरबसपुर में 31 मार्च से 2 अप्रैल तक तीन दिवसीय भव्य सतनाम मेला का भव्य आयोजन सतनाम मेला समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। जिसमें बाबा गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान और सत्य-अहिंसा के संदेश जन-जन पहुंचाया। मेले का शुभारंभ गुरु घासीदास के प्रतीक जैतखाम, अमर ज्योति कलश एवं गुरु गद्दी की स्थापना के साथ हुआ। उल्लेखनीय है कि यहां पिछले 18 वर्षो से अमर ज्योति निरंतर प्रज्जवलित हो रही है। श्रद्धालुओं ने गुरु की प्रार्थना कर समाज में अच्छे कार्य करने का संकल्प लिया। इस तीन दिवसीय में सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रद्धालुओं की भीड़ व सतनाम पंथ के अनुयायियों द्वारा जोड़ा नारियल लेकर अमर ज्योति कलश तक भुइंया नापने की परंपरा निभाई गई। साथ ही तीनों दिन विशाल भंडारा आयोजित किया गया। सतनाम पंथ समिति के अध्यक्ष विजय कोशले ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य बाबा गुरु घासीदास के सत्य, अहिंसा, शांति, एकता और नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। जिसमें प्रथम दिवस सुबह पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। शाम को भजन गायिका समय बाई शास्त्री ने सतनाम भजन प्रस्तुत किए। वहीं रात्रि में रामदास घृतलहरे एवं साथियों ने पंथी नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। द्वितीय दिवस भजन-कीर्तन एवं पंथी नृत्य के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारा और शांति का संदेश दिया गया। रात्रि में लोकगायक श्याम कुटेलिया और टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। तृतीय दिवस समापन समारोह पर धर्मगुरु गुरु रुद्र कुमार के सुपुत्र गुरु रिपु दमन का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंटकर आर्शीवाद प्राप्त किया साथ ही साथ चौका आरती एवं पंथी नृत्य के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

#### मेले में उमड़ा जन-सैलाब

बरबसपुर धाम में बने भव्य गुरुद्वारा और विशाल जय स्तम्भ (कुतुबमीनार की तर्ज पर निर्मित) श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। मेले में झूले, खिलौने, मिठाइयों और विभिन्न दुकानों ने भी लोगों को आकर्षित किया। तीन दिनों तक पूरा गांव गिरौदपुरी धाम जैसा भक्तिमय माहौल में डूबा रहा और बाबा गुरु घासीदास के संदेश दूर-दूर तक गूंजा।

---

# भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर मण्डल का बैठक संपन्न

- 6 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के रूप रेखा तैयार की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर भाजपा मण्डल कुण्डा का अहम परिचर्चा बैठक संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी राजनीतिक दल है, जो भारत को एक सुदृढ़ समृद्धि एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है, भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए, अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को आयाम दिया। इसी तारतम्य में भाजपा मण्डल कुण्डा ने भाजपा स्थापना दिवस के अंतर्गत 6 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के रूप रेखा तैयार करने प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिला अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं महामंत्री मनहरण साहू के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम के मण्डल संयोजक प्रदेश विस्तारक संतोष चंद्रवंशी, सह संयोजक मंडल उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी एवं राजेश यादव के दिशा-निर्देश एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू के अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में अहम बैठक आहूत किया गया। बैठक में संयोजक संतोष चंद्रवंशी ने सेवा पखवाड़ा पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी, बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता को पूर्व जिला मंत्री सुरेश दुबे, कार्यक्रम के अध्यक्षता रामस्वरूप साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के संचालन महामंत्री मनहर साहू ने किया कार्यक्रम के समापन में आभार व्यक्त दिनेश चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल कुण्डा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अजा मोर्चा, अजजा मोर्चा व अल्पसंख्या मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थें।



---

### लायंस क्लब ने आनंद दानी अध्यक्ष, हरीश सचिव, प्रमोद कोषाध्यक्ष व रेखराज उपाध्यक्ष नियुक्त








**हरिभूमि कवर्धा।** नगर की सेवाभावी संस्था लायंस क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठक में सत्र 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से लायन आनंदप्रकाश दानी को अध्यक्ष चुना गया। हरीश गांधी को सचिव, प्रमोद कोचर को कोषाध्यक्ष, रेखराज मूंदड़ा को प्रथम उपाध्यक्ष, अजय गुप्ता को द्वितीय उपाध्यक्ष व बीपी शर्मा को तृतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। लायनिस्टिक कैलेंडर के अनुसार सत्र का कार्यकाल 1 जुलाई से शुरू होकर अगले वर्ष 30 जून तक रहता है। ज्ञात हो कि लायंस इंटरनेशनल पूरी तरह डेमोक्रेटिक संस्था है, जिसमें लायंस संविधानानुसार नगर से लेकर डिस्ट्रिक्ट, मल्टीपल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मतदान के जरिए अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, मल्टीपल और अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाते हैं। निर्विवाद चुनाव के लिए हर बार की तरह इस वर्ष भी वरिष्ठ लायंस की एक 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। समिति में आए नामों को कार्यसमिति और आम बैठक में रखा गया। अध्यक्ष पद के लिए आनंदप्रकाश दानी के अलावा अजय टाटिया, रेखराज मूंदड़ा और अजय गुप्ता का नाम प्रस्तावित किया गया था। आखिर में क्लब की गौरवशाली परम्परा का ध्यान रखते हुए आपसी सहमति से दानी को चुना गया। आज की बैठक में लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने अपने दो वर्षो के कार्यकाल के उल्लेख करते हुए सभी लायन साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। डिस्ट्रिक्ट चैयरपर्सन नीरज मनजीत ने क्लब के चुनाव निर्विवाद व सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आंतरिक संविधान बनाने का सुझाव दिया। बीपी गुप्ता ने कहा कि इस संविधान में अध्यक्ष पद की योग्यता पर स्पष्ट विचार होना चाहिए। अजय टाटिया ने स्वस्थ डेमोक्रेटिक बहस के लिए लायन साथियों का आभार व्यक्त किया। आखिर में दानी ने महती जिम्मेदारी सौंपने के लिए आभार जताते हुए कहा कि वे सभी वरिष्ठ साथियों से वार्ता करके अपने कार्यकाल में सेवाकार्य करेंगे। बैठक में लायन सुशीला श्रीश्रीमाल, डॉ संगीता चौहान, राखी मूंदड़ा, डॉ बीएस चौहान, मीरा चौहान, रामेश्वर गुप्ता, डॉ. एनके यदु, धनसुख पटेल, अजय गुप्ता, ज्ञानचंद जैन, बद्री चन्द्रवंशी, देवदत्त ठाकुर, आशीष दुबे, शेरसिंह पाली उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**विरोध:** एसोसिएशन का ऐलान, इस साल आरटीई के तहत स्कूलों में नहीं देंगे एडमिशन

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन और प्रदेश सरकार के बीच ठनी, अटका दाखिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम एवं छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन और स्कूल शिक्षा विभाग के बीच ठन गई है। प्रतिपूर्ति राशि को लेकर अब एसोसिएशन ने आरपार की लड़ाई शुरू कर दी है। एसोसिएशन ने कहा कि इस वर्ष आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को एडमिशन नहीं देंगे। जब तक राज्य सरकार छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करती है, हमारा यह निर्णय और सरकार के खिलाफ अहसयोग आंदोलन जारी रहेगा। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने कहा है कि ऐसासियशन शालीनता से अपने आंदोलन की ओर अग्रसर है, लेकिन लगातार हो रही अनदेखी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने इस वर्ष शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्रवेश न देने का निर्णय लिया है। इस वर्ष प्रदेश के 6000 से ऊपर निजी स्कूल जिनमें शिक्षा के अधिकार कानून के तहत इसी माह से प्रवेश प्रस्तावित है, वहां हम लॉटरी के माध्यम से आने वाले विद्यार्थियों की एडमिशन की प्रक्रिया में सहयोग नहीं करेंगे। ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों को स्कूलों में प्रवेश देना होता है। माना जा रहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग एवं निजी स्कूल एसोसियशन के बीच चल रही इस खींचतान के कारण इस वर्ष प्रदेश के वंचित वर्ग के विद्यार्थियों का शिक्षक के अधिकार कानून (आरटीई) प्रवेश नहीं हो पायेगा। ऐसे में शासन प्रशासन को इसका समाधान जल्द निकालना चाहिए।

### न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने का आरोप




एसोसिएशन का कहना है, राज्य सरकार ने सन 2011 से आजतलक प्रतिपूर्ति नहीं बढ़ाई है जबकि राशि बढ़ाने की मांग संगठन 2016 से लगातार कर रहा है। लगातार मांग किए जाने के बावजूद अनदेखी के कारण संगठन ने जुलाई 2025 में छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर कर न्याय की गुहार लगाई थी। याचिका की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन को राज्य सरकार के समक्ष अभ्यावेदन पेश करने और अभ्यावेदन पर छह महीने के बाद कार्रवाई का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। एसोसिएशन का कहना है, हाई कोर्ट के आदेश के तुरंत बाद हम लगातार बीते 6 महीना से स्कूल शिक्षक विभाग से उच्च न्यायालय के आदेश पर संवेदनशीलता से विचार करने को निवेदन कर रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इतने महत्वपूर्ण विषय पर अनदेखी किए जाने के बाद 1 मार्च को प्रदेश कार्यकारिणी ने असहयोग आंदोलन का ऐलान किया था।

### एसोसिएशन का असहयोग आंदोलन लगातार जारी

एसोसिएशन का कहना है कि मांगों को लेकर उनका असहयोग आंदोलन जारी है जिसके तहत हम स्कूल शिक्षा विभाग के किसी पत्र, नोटिस का जवाब नहीं दे रहे हैं। प्रदेश के समस्त जिलों में मार्च में ही अपने-अपने जिलों में असहयोग आंदोलन का ऐलान कर दिया था। स्कूल शिक्षा विभाग को लगातार हम इस मांग के पीछे जायज कारणों से अवगत कराते आ रहे हैं। राशि इतनी कम है कि सभी विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। अन्य प्रदेशों में प्रतिपूर्ति राशि छत्तीसगढ़ से बहुत ज्यादा है एवं यह राज्य समय-समय पर इसका पुनः निर्धारण भी कर रहे हैं।

# सट्टा संचालित करने वाला आरोपी रंगे हाथों गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध जुआ एवं सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल व अमित पटेल तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना पिपरिया की टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

इस संबंध में पिपरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उसे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मिरमिटी में योगी ऑटो पाट्र्स दुकान के सामने एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से सट्टा (जुआ) संचालित किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना पिपरिया की टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी अरुण नाथ योगी पिता उम्र 23 वर्ष को रंगे हाथ सट्टा पर्ची लिखते हुए पकड़ा गया।

आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, नीली स्याही का डॉट पेन एवं नगद राशि 750 रुपए बरामद किया गया। इस कृत्य के संबंध में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन आज



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ में सशस्त्र नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के सम्मान में कवर्धा में नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार, 05 अप्रैल को सायं 5 बजे भारत माता चौक में आयोजित होगा। आयोजक नागरिक अभिनंदन समिति, कवर्धा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के समस्त सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कार्यों एवं योगदानों का सम्मानपूर्वक उल्लेख किया जाएगा तथा उन्हें नागरिकों द्वारा अभिनंदन स्वरूप सम्मानित किया जाएगा।

### सखी वन स्टॉप सेंटर भर्ती पात्र-अपात्र सूची जारी

**कवर्धा।** महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत पात्र, अपात्र एवं अमान्य आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थियों को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर 9 अप्रैल 2026 तक दिया गया है। कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार सखी वन स्टॉप सेंटर में केन्द्र प्रशासक, साईको सोशल काउंसलर एवं कार्यालय सहायक पदों के लिए प्राप्त आवेदनों की प्रथम स्कूटनी के पश्चात पात्र/अपात्र/अमान्य आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है।

# हर रोज बदल रहा कवर्धा सहित अंचल का मौसम

## कभी तेज धूप, कभी बदली, तो कभी बारिश, सेहत पर भारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा सहित समूचे अंचल में बीते कई दिनो से भीषण गर्मी और गर्म हवा के थपेड़ों के बीच बीते शुक्रवार को मौसम ने भीषण गर्मी से हलाकान और परेशान लोगों को बड़ी राहत दी है।

जिले के विकासखण्ड कवर्धा, पंडरिया क्षेत्र में शुक्रवार को सुबह से ही खिली तेज और चटख धूप के बीच दोपहर को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते ही देखते मौसम ऐसा बदला की तेज आंधी तूफान के बीच बारिश और शुरू हो गई। कुछ देर की ही सही पर इस बेमौसम बारिश से न सिर्फ लोगों को भीषण गर्मी, तेज उमस और गर्म हवा के थपेड़ों से राहत मिली बल्कि मौसम भी बेहद खुशनुमा हो गया।

अंचल से निकलकर आई खबरों के मुताबिक शुक्रवार को मौसम का यह बदलाव सिर्फ कवर्धा और पंडरिया भर में नहीं था बल्कि जिले के स. लोहार, बोड़ला क्षेत्र में भी आसमान में बदली और हल्की तेज बूंदा बांदी हुई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस तरह की बेमौसम बारिश बीते मार्च माह के शुरूआती दिनों में देखने को मिली थी।

लेकिन उसके बाद से भगवान भास्कर ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया था और तब से लेकर अब तक कवर्धा सहित अंचल में भोर फटने के साथ ही चिलचिलाती तेज धूप के साथ गर्म हवा के थपेड़ों की मार से लोग झुलस रहे थे। आलम ये था कि लोग दोपहर के समय अपने घरों से निकलने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे थे। लेकिन बीते शुक्रवार और शनिवार को अचानक बदले मौसम ने भगवान भास्कर के इस प्रचण्ड बेग पर पानी फेर दिया और मौसम कुछ नरम पड़ गया।

### मौसमी उतारचढ़ाव सेहत के लिए नुकसानदायक

हालांकि जानकारों का मानना है कि इस तरह की बेमौसम बारिश भले ही भीषण गर्मी से फौरी राहत देती है लेकिन यह लोगों की सेहत के लिहाज से नुकसान दायक है। जानकारों का मानना है कि दूसरे दिन जब फिर से भगवान भास्कर अपना रौद्र रूप दिखाएंगे और चटख धूप खिलेगी तो लोगों को भारी उमस के साथ भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा जो सीधे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालेगी और लोगों के मौसमी बीमारियों का शिकार होने की संभावना बढ़ जाएगी।

### प्रांत स्तरीय बैठक में कवर्धा जिला इकाई के पदाधिकारी शामिल



**कवर्धा।** रायपुर में आयोजित क्रीड़ा भारती की प्रांत स्तरीय योजना बैठक में प्रदेश के 13 जिलों से कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी जून माह में बिलासपुर में प्रस्तावित प्रांत सम्मेलन तथा सदस्यता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। आगामी दिनों में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन, साल भर में होने वाले पंचसूत्रीय कार्यक्रमों को भव्य रूप देने तथा खंड स्तर तक गतिविधियों को विस्तार देने का लक्ष्य तय किया गया। कार्यकर्ताओं को ₹पंच परिवर्तन₹ विषय की भी जानकारी दी गई। प्रांत स्तर की इस योजना बैठक में कवर्धा जिले से क्रीड़ा भारती की प्रांत टोली सदस्य जसविंदर बग्गा और जिला मंत्री गिरीश चंद्रवंशी भी शामिल हुए। इस प्रांत सम्मेलन की आगामी योजना निर्माण प्रक्रिया में भाग लेते हुए जसविंदर बग्गा ने कहा कि जून माह में प्रस्तावित प्रांत सम्मेलन दो दिवसीय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पूरे प्रांत से आ रहे जिला पदाधिकारियों को दिन भर के सत्रों के बाद रात्रि विश्राम के समय एक साथ रहने, एक दूसरे को समझने एवं विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा और जिससे समरसता का विषय प्रगाढ़ होगा तथा एक वैचारिक परिवार के होने का भाव भी बढ़ेगा। जिसे सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने समवेत स्वर से मंजूरी दी।

# पाठ्येत्तर एवं सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों से संवर रहा छिरहा स्कूल के विद्यार्थियों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल छिरहा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को केन्द्र में रखते हुए शैक्षणिक सत्र के दौरान पाठ्येत्तर एवं सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों का बेहतर समन्वय देखने को मिल रहा है। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय ने शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे व्यावहारिक कौशल और व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम बना दिया है।

यहाँ के शिक्षकों की मान्यता है कि जहां कक्षा की पढ़ाई बौद्धिक क्षमता को निखारती है, वहीं खेल, कला और सांस्कृतिक गतिविधियां छात्रों के मानसिक, शारीरिक और संवेगात्मक संतुलन को सुदृढ़ करती हैं। इसी विजन के साथ विद्यालय में गणित मेला जैसे नवाचारी कार्यक्रमों के जरिए कठिन समझे जाने वाले गणितीय सिद्धांतों को सरलता से समझाकर विद्यार्थियों के मन से विषय के प्रति व्याप्त भय को दूर करने का सार्थक प्रयास किया गया। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में गणित दिवस का आयोजन और गणित क्लब, विज्ञान क्लब जैसी समितियों के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला।

विद्यालय का स्काउट गाइड दल और विभिन्न साहित्यिक समितियां छात्रों में अनुशासन और नागरिक उत्तरदायित्व की भावना का संचार किया, जबकि इको क्लब पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। आधुनिक युग की आवश्यकताओं को देखते हुए सीएएल क्लब के माध्यम से डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा के प्रति सजगता प्रदान किया गया, वहीं अध्यापन में डिजिटल टूल्स और थ्रीडी वर्किंग मॉडल्स का उपयोग विषयवस्तु को रोचक बनाने में सफल रहा।

कला और संस्कृति के क्षेत्र में स्कूल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सहभागी राज्य गुजरात के लोकनृत्य की प्रस्तुति कराकर सांस्कृतिक एकता को बल दिया। चार दिवसीय लोकनृत्य प्रशिक्षण, स्केचिंग, मिट्टी एवं काष्ठ कला की कार्यशालाओं ने विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को नया कैनवास प्रदान किया। इसके साथ ही रंगोली प्रतियोगिता और वेस्ट मटेरियल से कलाकृतियां बनाने जैसे कार्यों ने उनकी कल्पनाशीलता को निखारने का काम किया। विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक एकाग्रता के लिए योग, व्यायाम और खेलकूद को दिनचर्या का हिस्सा बनाया गया, जिससे उनमें टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। छात्रसंघ का गठन कर विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों और नेतृत्व कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

शिक्षा को किताबी दायरे से बाहर ले जाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत आंध्रप्रदेश का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जिससे छात्रों ने पड़ोसी राज्यों की संस्कृति और तकनीक को करीब से समझा। वित्तीय साक्षरता के अंतर्गत बैंकिंग, टैक्स और बजट की जानकारी देकर उन्हें भविष्य की आर्थिक चुनौतियों के लिए तैयार किया गया।

# सांसद ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सौजन्य मुलाकात कर देश के नक्सल मुक्त होने पर बधाई दी। इस दौरान अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को वामपंथी उग्रवाद (नक्सलवाद) से मुक्त करने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सशक्त रणनीति, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सुरक्षा बलों और जनता के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है कि आज देश नक्सल मुक्त हो गया। छत्तीसगढ़ सरकार, पुलिस बल और हमारे वीर जवानों का अदम्य साहस, समर्पण और बलिदान इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति थी।

### स्वदेशी मेला में सरगम टीम ने बांधा समा, कलाकार सम्मानित




**कवर्धा।** पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित संभागीय सरस मेला के अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या में सरगम टीम के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गायक कलाकार महेश सिंह ठाकुर, शिवेन्द्र चंद्रवंशी, स्वतन्त्र श्रीवास्तव, रमेश रावत, बलबीर राजपूत, कंवलजीत कौर एवं पूनम तिवारी ने धार्मिक, छत्तीसगढ़ी, देशभक्ति एवं फिल्मी गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की मधुर आवाज और भावपूर्ण गायन से पूरा वातावरण संगीतमय हो गया। दर्शकों ने तालियों की गूंज के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। यह प्रस्तुति मेले का प्रमुख आकर्षण रही। इस अवसर पर सरगम टीम के संस्थापक सदस्य महेश सिंह ठाकुर ने कहा कि "कला एक साधना है। यह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि संगीत का अपना एक विशेष महत्व है, जो समाज को जोड़ने और संस्कृति को जीवंत रखने का कार्य करता है। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति एवं अतिथियों द्वारा सरगम टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

**निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें: कलेक्टर**

# काम में देरी पर नोटिस और ब्लैकलिस्टिंग की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।



नगर पालिका कवर्धा के सभाकक्ष में आयोजित इंजीनियरों, अधिकारियों एवं ठेकेदारों की महत्वपूर्ण बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शहर में संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैठक में अधोसंरचना, 15वें वित्त आयोग, विधायक निधि, डीएमएफ, समग्र शिक्षा, आंगनबाड़ी भवन, नालंदा परिसर, निकाय मद तथा अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य, प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने कार्यों की प्रगति और अप्रारंभ कार्य पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी एजेंसियां लक्ष्य निर्धारित कर तेजी से काम करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों और इंजीनियरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वे समय पर डिजाइन एवं लेआउट उपलब्ध कराएं, ताकि ठेकेदार निर्धारित समय में कार्य प्रारंभ कर सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं ठेकेदारों को भी स्पष्ट निर्देश दिया गया कि समय पर काम शुरू नहीं करने पर पहले नोटिस, फिर ब्लैकलिस्टेड की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान गर्मी के मौसम का लाभ उठाते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। प्रत्येक 15 दिन की प्रगति का लक्ष्य तय कर उसी अनुरूप कार्य किया जाए तथा नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही इंजीनियरों को प्रतिदिन फील्ड में जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चौपाटी निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लोहारा बाईपास से नवीन बाजार तक गौरव पथ निर्माण, अंबेडकर चौक से राजमहल चौक होते हुए समनापुर पुल-पुलिया, बीटी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने समनापुर रोड निर्माण में तेजी लाने और पहले रिक्त स्थानों पर तेजी से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विधायक निधि से स्वीकृत शौचालय, आंगनबाड़ी मंच, सामुदायिक भवन सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी, सीएमओ रोहित साहू सहित संबंधित अधिकारी, इंजीनियर एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

# राशनकार्ड ई-केवाईसी के लिए विशेष शिविर, छूटे सदस्यों का होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




जिले में राशनकार्डधारियों के ई-केवाईसी से वंचित सदस्यों का डाटा संकलन सुनिश्चित करने हेतु खाद्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ई-केवाईसी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। इसी क्रम में रविवार, 5 अप्रैल को पिपरिया नगर पंचायत क्षेत्र में चार अलग-अलग स्थानों पर विशेष ई-केवाईसी शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में राशनकार्ड से जुड़े ऐसे सदस्यों का सत्यापन किया जाएगा, जिनका अब तक ई-केवाईसी नहीं हो सका है। विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर प्रक्रिया पूर्ण कराएं। वहीं बोड़ला, पण्डरिया, पांडातराई और सहसपुर लोहारा क्षेत्रों में यह विशेष शिविर सोमवार, 6 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए समय पर ई-केवाईसी पूर्ण कराने का आग्रह किया है, जिससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ निर्बाध रूप से लिया जा सके।

## जीवनकाल में रक्तदान, मरने के बाद देहदान का संकल्प

# देहदान के लिए पति-पत्नी फैला रहे जन जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जीवनकाल में मानव सेवा के लिए कुछ करने की तमन्ना रखने वाले कम ही होते हैं। वहीं कुछ ऐसे भी होते हैं जो जीते-जी लोगों की भलाई के लिए काम करते हैं और



मरने के बाद भी उनका शरीर मानवता के लिए काम आए, ऐसा कर जाते हैं। ऐसा ही कुछ किया है जिले के सोमनी क्षेत्र स्थित नवागांव के सोहनलाल साहू और रूखमणी साहू ने।

यह पति-पत्नी अपने जीवनकाल में लोगों के लिए रक्तदान कर जीवनदान देते हैं, तो वहीं अब मरने के बाद देहदान करने का संकल्प लिया है। वर्तमान में 6वीं बटालियन रायगढ़ में आरक्षक चालक के पद पर तैनात सोहनलाल साहू और उनकी पत्नी रूखमणी साहू ने मरणोपरांत अपना शरीर और अंगदान करने का निर्णय कर इस दिशा में और लोगों को जागरुक कर रहे हैं। देहदान करने वाले दंपत्ति ने कहा कि जरूरतमंदों को मरणोपरांत नए जीवन देने के लिए अंगदान एवं शरीर दान करने से चिकित्सा के क्षेत्र में बच्चे अध्ययन-अध्यापन कर सके, इसलिए हम दोनों ने यह संकल्प लिया है, जो मानव समाज के लिए एक प्रेरणा है। दंपत्ति द्वारा अन्य लोगों को भी अंगदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे लगभग 12 से 15 लोग भी प्रेरित हो चुके हैं।

### राजकीय सम्मान से हो अंतिम विदाई



सोहनलाल साहू की पत्नी रूखमणी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पत्र के माध्यम से मांग ही है कि मध्यप्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, गुजरात आदि राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी देहदान और अंगदान करने वाले व्यक्तियों को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाए।

### हर साल 5 लाख लोगों का प्रत्यारोपण

देहदान करने वाले सोहनलाल साहू ने कहा कि भारत में प्रतिदिन लगभग 63 हजार लोगों की मृत्यु होती है। जबकि देहदान या अंगदान की दर बहुत कम है। प्रति 10 लाख आबादी पर 0.52 के करीब। हालांकि 2023 में 17000 से अधिक अंगदान जीवित और मृत मिलकर हुए, लेकिन मृत्यु की तुलना में यह काफी कम है। कुल मृत्यु में से केवल 0.0001 प्रतिशत से कम लोग ही देहदान कर पाते हैं। जबकि हर साल लगभग 5 लाख लोगों को अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है।

## संपत्ति कर बढ़ाकर जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाया

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में की गई बढ़ोत्तरी को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते इसे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला कदम बताया है। संपत्ति कर वृद्धि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। श्री पिल्ले ने निगम प्रशासन और सरकार पर निशाना साधते कहा कि जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे में संपत्ति कर बढ़ाना पूरी तरह जनविरोधी निर्णय है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के चलते पहले ही आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। जिससे आम नागरिकों का बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे हालात में नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में 6 प्रतिशत से लेकर 20 प्रतिशत तक की वृद्धि करना जनता पर दोहरी मार डालने जैसा है। श्री पिल्ले ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार और निगम प्रशासन जनहित की बात तो करते हैं, लेकिन उनके फैसले इसके विपरीत दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि इस कर वृद्धि से मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होगी।

# हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बनेगी सड़क, नाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासन की विभिन्न मदो एवं योजनाओं के अलावा सांसद, विधायक एवं महापौर व पार्षद निधि से शहर में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विकास की कड़ी में वार्ड नं. 22 के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में विधायक निधि अंतर्गत स्वीकृति 5 लाख रुपए की लागत से रोड एवं नाली निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, सावन वर्मा, संदीप बघेल, प्रियंका कुरंजेकर, मनोहर यादव, अतुल रायजादा, पंकज कुरंजेकर की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन की नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा वार्डों में विकास कार्य कराने अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि से राशि स्वीकृत किए। जिससे वार्डों में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विकास कार्य कराने विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पांडे भी अपनी निधि से राशि स्वीकृति करते हैं। इसी के तहत विधायक निधि से स्वीकृति अनुसार हाउसिंग बोर्ड में रोड एवं नाली निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्राथमिकता से वार्डों में विकास कार्य कराए जाएंगे।

भूमिपूजन के पश्चात महापौर श्री यादव ने कमेलशदास के निवास में स्वयं द्वारा निर्मित रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को देखा। उन्होंने कहा कि इन्होंने वर्षा एवं अन्य पानी भूमि में जाने बहुत ही अच्छे तरीके से रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाया है, यह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि वाटर हार्वेस्टिंग जल संरक्षण का सबसे अच्छा माध्यम है। इस सिस्टम को हम निगम में अमल करेंगे। उन्होंने वार्डवासियों से भी वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की अपील की। इस अवसर पर वार्डवासी उपस्थित थे।

# वार्ड नं. 11 में डस्टबिन का वितरण



**राजनांदगांव।** शहर को स्वच्छ, साफ एवं सुंदर रखने तथा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छा रैंक लाने नगर निगम द्वारा सफाई में गुणात्तमक सुधार लाने अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत वार्डों में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखने डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। डस्टबिन वितरण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव शनिवार को वार्ड नं. 11 स्टेशनपारा में घर-घर गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखने महिलाओं को डस्टबीन का वितरण किया। वितरण अवसर पर सावन वर्मा, संदीप बघेल, छोटेलाल रामटेके, मनोहर यादव, राजेश मिश्रा उपस्थित थे।

## रिसोर्ट में शराब पीने सुविधा उपलब्ध कराने पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** मनगटा क्षेत्र में बने रिसोर्ट पर पुलिस द्वारा अचानक छापेमारी की गई। इस दौरान एक रिसोर्ट में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी पुलिस की टीम गठित कर मनगटा स्थित रिसोर्ट में लगातार डीजे बजने एवं शराब पिलाने की शिकायत पर रिसोर्ट में 4 अप्रैल को औचक छापेमारी की कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान त्रचा रिसोर्ट एवं नायरा रिसोर्ट मनगटा में रिसोर्ट में आने-जाने वाले लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने से पीने वालों को मौके पर समझाईश दी गई।




आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

राजनांदगांव एवं कवर्धा में हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 5-5 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता

हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव
7489534456
ब्यूरो कार्यालय, एकता चौक, कवर्धा
9893605300, 8889139071

